YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

# NBT नवभारत टाइम्स



रंग में लौटीं मारिया शारापोवा

p11

**My MUMBAI**

आमिर-सलमान की फिल्म के रीमेक में रणवीर और वरुण!



महानगर > मुंबई > शनिवार, 19 जनवरी 2019 > पौष 29 शक संवत 1940 पौष शुक्ल त्रयोदशी विक्रम 2075 | www.nbt.in | मूल्य 4.00 रु. > पेज 14* > www.navbharattimes.com > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57

## अंतर्ज्ञान

अगर आप हमेशा सकारात्मक सोच से भरे रहना चाहते हैं, तो आपको अपनी दिनचर्या भी सकारात्मक कर्मों से लैस करनी होगी। इस तथ्य को समझिए कि दिमाग सहज तौर पर नकारात्मकता की ओर गति करता है। उसे निराश होने, दुखी होने, डरने, चिंता करने का सिर्फ बहाना चाहिए होता है। लेकिन अगर आप ध्यान करते हैं, योग करते हैं, सात्विक भोजन करते हैं, अच्छी पुस्तकें पढ़ते हैं और अच्छी संगत में रहते हैं, तो आप नकारात्मक सोच से दूर बने रहते हैं।

## FB लाइव पर जानिए कैसे बचाएं टैक्स

वित्त वर्ष 2018-19 में अगर आपने टैक्स बचाने के लिए अभी तक जरूरी निवेश नहीं किया है, तो आप अब भी कर सकते हैं।

NBT Facebook LIVE

एनबीटी एफबी लाइव के माध्यम से हमारे एक्सपर्ट्स से जानिए टैक्स में छूट पाने के बेहतर और फायदेमंद तरीके। इस बारे में आपके सवालों के जवाब भी दिए जाएंगे।

| कब | समय |
|---|---|
| सोमवार, 21 जनवरी | दोपहर बाद 3 बजे |

**एक्सपर्ट्स**

**विनीत अरोरा,** एमडी, सीईओ, एगॉन लाइफ इंश्योरेंस

**बलवंत जैन,** टैक्स एक्सपर्ट

लॉग इन करें- https://www.facebook.com/navbharattimes/

## दांत चमकें, तो सेहत दमके

आपका डॉक्टर

दांतों के बिना मुस्कान अधूरी रहती है और भोजन करने का मजा किरकिरा हो जाता है। इसके बावजूद देश भर में 90 प्रतिशत लोग दांतों से जुड़ी किसी न किसी तरह की तकलीफ से परेशान हैं। दांतों की समस्याओं और बचाव के बारे में सुझाव देने के लिए एनबीटी की 'आपके डॉक्टर' पहल के तहत फेसबुक लाइव में आएंगी दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता अभोरे। वह गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज में 15 साल से हैं।

- **कब:** 21 जनवरी, सोमवार को
- **समय:** शाम 4.30 से 5.30 बजे
- **कैसे जुड़े** : https://www.facebook.com/navbharattimes/ पर फेसबुक लाइव के माध्यम से

आप दांतों से जुड़े अपने प्रश्न helpnbt@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| संसेक्स | 36,386 (+12) |
| निफ्टी | 10,906 (+1) |

## मौसम

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| कोलाबा | 30.5-19.6 | 68% |
| सांताक्रुज | 32.6-16.4 | 41% |

| रविवार सूर्यास्त | शनिवार सूर्योदय |
|---|---|
| 6:18 | 7:18 |

NBT नवभारत टाइम्स

सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क : 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे व रायगड जिलों के बाहर।

## NBT कम्युनिटी कनेक्ट से जुड़ा मुस्लिम समाज

कौशिक नाइक



मुस्लिम समाज से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर प्रमुख समस्याएं जानने और भविष्य में समाधान की दिशा में सार्थक बातचीत एनबीटी के मंच 'कम्युनिटी कनेक्ट' के माध्यम से हुई। चित्र में (बाएं से) शिक्षाविद् जियाउर्रहमान अंसारी, मौलाना आजाद महामंडल के अध्यक्ष हाजी हैदर आजम, समाजसेवी डॉ. शफीक सिद्दीकी, भारतीय मुस्लिम महिला संघ की नूरजहां सफिया, वरिष्ठ पत्रकार फिरोज अशरफ, विधायक नसीम खान, अंजुमन-ए-इस्लाम के अध्यक्ष जहीर काजी, नगरसेविका डॉ. सईदा खान, विधायक अबू आसिम आजमी, मौलाना एजाज कश्मीरी, इस्लामिक जानकार मौलाना जहीर अब्बास रिजवी, पूर्व एसीपी शमशेर पठान। पूर्व मंत्री नवाब मलिक और पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन ने भी इस बातचीत में शिरकत की। कल पढ़ें विस्तृत कवरेज।


### भागवत ने उठाए सरकार की नीतियों पर सवाल

# बिना युद्ध सीमाओं पर क्यों शहीद हो रहे हैं सैनिक: संघ

**एनबीटी, एजेंसियां/नागपुर/नई दिल्ली:** देश की सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) ने मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाया है। नागपुर में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बिना जंग सीमाओं पर सैनिकों के शहीद होने पर सवाल उठाए, तो महंगाई और बेरोजगारी पर भी सरकार को घेरा।

भागवत ने कहा, 'देश के लिए मरने का समय तब था, जब स्वतंत्रता नहीं थी। आजादी से पहले लोगों ने देश के लिए जान कुर्बान की। आजादी के बाद सीमा पर जंग में भी ऐसा हुआ। लेकिन इस समय वहां कोई युद्ध नहीं चल रहा है, फिर भी लोग शहीद हो रहे हैं। इसका कारण यह है कि हम अपना काम ठीक से नहीं कर पा रहे। हमें इसी को सही करना है। इसे रोकने और देश को महान बनाने के लिए कदम उठाने होंगे। अगर किसी का बलिदान हो गया, तो उसके परिवार को कमी न हो, यह चिंता समाज को करनी पड़ेगी। हर किसी को प्रयास करना होगा। हम बस यही सोचते हैं कि सरकार यह करेगी, पुलिस यह करेगी, सेना यह करेगी, लेकिन यह ऐसा नहीं है।'

### महंगाई, बेरोजगारी का असर सभी पर




भागवत ने महंगाई और बेरोजगारी पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि देश में नीतियां हर किसी को प्रभावित करती हैं। न तो मैं नीति बनाता हूं और न ही आप, लेकिन हम सभी पर इसका असर पड़ता है। महंगाई बढ़ी, लेकिन न तो मैंने इसे बढ़ाया और न ही आपने। फिर भी इसे हम सभी को भुगतना पड़ा। बेरोजगारी बढ़ी, लेकिन इसे भी न तो मैंने बढ़ाया और न ही आपने। फिर भी हम सब पर इसका असर पड़ा। इसीलिए हमें अपने देश के लिए जीना सीखना होगा।'

**राम मंदिर 6 साल बाद!** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में देरी के लिए केंद्र पर निशाना साधा। प्रयाग में संघ के बड़े नेता ने कहा कि सरकार के रवैये से ऐसा लगता है कि केंद्र में फिर सत्ता में आने के बावजूद वह मंदिर निर्माण पर कोई पहल नहीं करेगी। प्रयाग में संघ महासचिव सुरेश 'भैयाजी' जोशी ने तंज भरे शब्दों में कहा कि अब इस (मंदिर) का निर्माण 2025 में होगा। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु सदाशिव कोकजे ने कहा, 'मंदिर बनाना सरकार का काम नहीं, समाज का काम है। 31 जनवरी और 1 फरवरी को धर्म संसद में संत ही तय करेंगे कि राम मंदिर पर क्या और कब होगा। संत जो भी तय करेंगे, हम उस पर आगे बढ़ेंगे।'

**'₹186 करोड़ महंगा है एक राफेल':** कांग्रेस ने मीडिया रिपोर्ट के हवाले से राफेल की जरूरत से कम और 41 प्रतिशत महंगी खरीद का मुद्दा उठाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा कि सरकार को प्रत्येक राफेल के लिए 186 करोड़ रुपये ज्यादा चुकाने होंगे। उन्होंने इस पर भी सवाल उठाया कि इस डील में शामिल 7 सदस्यों में से 3 ने कई मुद्दों पर असहमति दिखाई थी। कांग्रेस ने पूछा कि जब वायुसेना को 126 विमानों की जरूरत थी, तो फिर 36 विमान ही क्यों खरीदे? उसने ऐसे तमाम सवालों के जवाब के लिए जेपीसी को जरूरी बताया।

## लोकसभा चुनाव का ऐलान मार्च में!

**भाषा, नई दिल्ली :** चुनाव आयोग मार्च के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। आयोग के सूत्रों ने शुक्रवार को यह संकेत देते हुए कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव भी कराने की संभावना जताई है। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल तीन जून को खत्म होगा। चुनाव का समय और चरण तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। साथ ही आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव कराने की संभावना पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा सिक्किम और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों पर भी विचार किया जा सकता है। 2004 में चार फेज, 2009 में पांच फेज और 2014 में 9 फेज में लोकसभा चुनाव कराए गए थे।



| लोकसभा चुनाव | फेज |
|---|---|
| 2004 | 4 |
| 2009 | 5 |
| 2014 | 9 |




# NSEL घोटाले में 71 पर चलेगा मुकदमा


**रिपोर्टर, मुंबई:** सरकार ने गंभीर घोटाला जांच कार्यालय (एसएफआईओ) को 5,600 करोड़ रुपये के एनएसईएल घोटाले में लिप्त 71 लोगों और कंपनियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। इनमें प्रमुख रूप से अंधेरी की एक कंपनी '63 मून्स', अब बंद हुए स्पॉट ऐक्सचेंज और इसके संस्थापक जिग्नेश शाह शामिल हैं। इस घोटाले से करीब 13,000 निवेशकों को चपत लगी है। एसएफआईओ को 17 डिफॉल्टर कंपनियों के विरुद्ध समापन याचिका अर्थात बंद करने की याचिका दायर करनी होंगी। उसे इन कंपनियों के ऑडिटर और बाजार नियामक सेबी से इस घोटाले में कथित रूप से शामिल अनेक शेयर ब्रोकरों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

इस बीच, मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने इस घोटाले में 63 मून्स के पूर्व सीएफओ शशिधर कोटियन को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे हिरासत में लेने के लिए शुक्रवार को लोकल कोर्ट में पेश किया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि फोरेंसिक ऑडिट ने कुछ नए तथ्य पेश किए हैं, इसलिए हमें कोटियन से पूछताछ की जरूरत है। ईओडब्ल्यू ने इन 71 आरोपियों के विरुद्ध 28,000 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी। इनमें तीन आरोपी शेयर ब्रोकर, शाह और एनएसईएल के पूर्व एमडी अंजनी सिन्हा शामिल हैं।

### सरकार ने SFIO को दी मंजूरी

**5,600** करोड़ रुपये का है NSEL घोटाला

**13** हजार से ज्यादा निवेशकों को लगी चपत



### किन धाराओं में मुकदमा

इन सभी 71 आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 120 बी (आपराधिक षडयंत्र रचने), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 468 एवं 471 (जालसाजी), धारा 403 (संपत्ति का गलत उपयोग) और धारा 477-ए (खातों के झूठा होने) के तहत दर्ज मामले दर्ज किए गए हैं।

**ED ने मांगी रिपोर्ट:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी यह रिपोर्ट मांगी है। यह एजेंसी मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच करती है। इस सप्ताह सरकारी अधिकारियों ने एनएसईएल इन्वेस्टर्स ऐक्शन ग्रुप के सदस्यों से बातचीत की थी और इन तथ्यों से अवगत कराया था।

**'दोनों मामले लंबित':** कंपनी '63 मून्स' के प्रवक्ता ने कहा कि ऑफिस मेमो में कॉर्पोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने मर्जर तथा कथित कुप्रबंधन के मामलों को शीघ्रता से आगे बढ़ाने की बात की है। दोनों मामले सुप्रीम कोर्ट और NCLAT में लंबित हैं। हम भी चाहते हैं कि कंपनी कानून की धारा 396 के तहत मर्जर मामला शीघ्रता से आगे बढ़ाया जाए।

# 'डांस बार के खिलाफ अध्यादेश लाएगी सरकार'

**विशेष संवाददाता, मुंबई:** महाराष्ट्र के वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने शुक्रवार को कहा, 'सरकार डांस बारों को फिर से खोलने से रोकने के लिए अध्यादेश लाने पर विचार कर रही है। राज्य के सांस्कृतिक ताने-बाने को बचाए रखने के लिए यह कदम उठाया जा सकता है।'

मुनगंटीवार ने कहा, 'राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करती है, लेकिन वह अपने इस रुख पर कायम है कि डांस बारों को खुलने नहीं दिया जा सकता। इसीलिए अगले सप्ताह राज्य मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। हम अध्यादेश लाने से भी नहीं हिचकिचाएंगे।'

### वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार का दावा



उन्होंने कहा, 'जब हमें अदालत का आदेश मिल जाएगा, तो हमारे वकील उसका अध्ययन करेंगे। उनकी सिफारिश के आधार पर हम अगले दो सप्ताह में अध्यादेश लाएंगे। इसके तहत मौजूदा कानून में संशोधन करके उसे मजबूत किया जाएगा।' यह पूछने पर कि क्या ऐसा अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करेगा, वित्त मंत्री ने कहा, 'सभी दल डांस बार के खिलाफ कानून बनाने के लिए एक साथ आए थे। हम इस बार भी ऐसा करेंगे।'

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को डांस बार खोलने की इजाजत दे दी थी। हालांकि उसने इसके लिए कुछ शर्तें भी लगाई हैं। राज्य सरकार के सख्त नियमों को बार मालिकों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।


## अस्थाना अब विमानों की सिक्युरिटी देखेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली:** सीबीआई में बतौर स्पेशल डायरेक्टर का कार्यकाल खत्म होने के एक दिन बाद ही राकेश अस्थाना को केंद्र ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का नया डीजी बनाया है। सीबीआई में अस्थाना कई विवादों में घिरे थे। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने राकेश अस्थाना को बीसीएएस के महानिदेशक के रूप में दो साल के लिए नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से या फिर अगले आदेश, जो भी पहले होगा, से प्रभावी होगा।



## बर्फीले तूफान की चपेट में आकर पांच की मौत

**एजेंसी, श्रीनगर:** लद्दाख के खारदुंगला में बर्फीले तूफान की चपेट में आकर पांच की मौत हो गई। पांच अब भी लापता हैं। ये लोग एक ट्रक में सवार होकर खारदुंगला दर्रे से गुजर रहे थे, तभी वह ट्रक बर्फीले तूफान की चपेट में आ गया। सुरक्षाबलों ने मौके पर पहुंचकर 20 फीट बर्फ से 10 लोगों को बचाया और लापता लोगों की तलाश में जुट गए।



**कीर्तिमान** | माही के नाबाद 87 रनों ने ऑस्ट्रेलिया में दिलाई ऐतिहासिक जीत

# अनहोनी को धोनी कर दे...

"मैं किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करके खुश हूं। अहम चीज यह है कि टीम को मेरी जरूरत कहां है। मैं चौथे नंबर पर खेलूं या छठे नंबर पर, हमें देखना होगा कि टीम का संतुलन बरकरार रहे। 14 साल खेलने के बाद मैं यह नहीं कह सकता कि मैं छठे नंबर पर बल्लेबाजी नहीं कर सकता।

*- महेंद्र सिंह धोनी*



**एनबीटी, नई दिल्ली:** मेलबर्न की पिच पर उस वक्त भारत का 17वां ओवर चल रहा था... धवन के आउट होने के बाद धोनी क्रीज पर उतरे ही थे। जैसे ही ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज स्टोइनिस ने उन्हें पहली ही गेंद डाली, बैकवर्ड पॉइंट पर खड़े फील्डर मैक्सवेल ने कैच ड्रॉप कर दिया। धोनी को जीरो के स्कोर पर ही जीवनदान मिल गया। लेकिन इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा और छह चौकों की मदद से 114 गेंदों पर नाबाद 87 रन ठोक डाले। धोनी की इस शानदार पारी ने भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-1 से ऐतिहासिक जीत तो दिलाई ही, यह भी साबित कर दिया कि वह अब भी दुनिया के बेस्ट 'मैच फिनिशर' हैं। आठ साल बाद वह मैन ऑफ द सीरीज रहे। 37 साल की उम्र में धोनी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस वनडे सीरीज में कुल 193 रन बनाए। बता दें कि धोनी पिछले साल फॉर्म से जूझते रहे और एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए थे। हालांकि, इस साल पहली ही सीरीज में लगातार तीन अर्धशतक लगाकर वर्ल्ड कप के लिए अपना दावा और मजबूत कर दिया।

### युजवेंद्र के रेकॉर्डतोड़ 6 विकेट

6 विकेट वनडे और टी20 में लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं युजवेंद्र चहल।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में भारत ने पहली वनडे सीरीज जीती है। बल्लेबाजी में अगर धोनी ने जीत का खंभा संभाला तो गेंदबाजी में युजवेंद्र चहल ने 42 रन देकर 6 विकेट चटकाए। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी थी।



# करणी सेना Vs 'मणिकर्णिका'

**एजंसी, मुंबई:** अपनी नई फिल्म 'मणिकर्णिका- द क्वीन ऑफ झांसी' में झांसी की रानी के किरदार में उतरीं बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत परदे से इतर भी तलवार भांज रही हैं। उनके निशाने पर है करणी सेना। कभी फिल्म 'पद्मावत' को लेकर दीपिका पादुकोण की नाक तक काटने की धमकी देने वाले इस संगठन को इस बार कंगना ने ही धमका दिया है।

अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी इस फिल्म के विरोध में बयान दे रही करणी सेना के सामने झुकने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि अगर इन लोगों ने परेशान करना बंद नहीं किया, तो वह इन्हें 'बर्बाद' कर देंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, करणी सेना की महाराष्ट्र शाखा ने गुरुवार को यह आरोप लगाते हुए फिल्म का विरोध किया था कि इसमें एक ब्रिटिश अधिकारी के साथ लक्ष्मीबाई का रिश्ता दिखाया गया है। 2017 में 'पद्मावत' का भारी विरोध कर चुकी करणी सेना ने यह भी दावा किया है कि फिल्म में रानी को एक विशेष गाने पर नाचते दिखाया गया है, जो परंपराओं के विरुद्ध है। इन लोगों ने निर्माताओं से फिल्म रिलीज करने से पहले उन्हें दिखाने की मांग की है।

### अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा - करणी सेना जान ले कि मैं भी राजपूत हूं, एक-एक को बर्बाद कर दूंगी



**'मुझे तंग न करें':** कंगना ने एक बयान में कहा, 'चार इतिहासकारों ने 'मणिकर्णिका' को प्रमाणित किया है। हमें सेंसर से भी प्रमाणपत्र मिल चुका है। करणी सेना को इसके बारे में बता दिया गया है। फिर भी वे मुझे तंग कर रहे हैं। अगर वे ऐसा करना बंद नहीं करते हैं, तो फिर उन्हें जान लेना चाहिए कि मैं भी एक राजपूत हूं और मैं उनमें से हर एक को बर्बाद करके रख दूंगी।'

**राष्ट्रपति भवन में भी होगी स्क्रीनिंग:** इस फिल्म की खास बात यह भी है कि इसके गाने सेंसर बोर्ड के प्रमुख प्रसून जोशी ने लिखे हैं। इस फिल्म में कंगना ने रानी लक्ष्मीबाई के किरदार के लिए बहुत मेहनत की है। शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के लिए राष्ट्रपति भवन में इसकी स्क्रीनिंग होगी। फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।